# दीक्षांत समारोह के साथ गांधी और शास्त्री जयंती धूमधाम से मनायी

लखनऊ। प्रभात




संबोधित करते प्रो. बीआर सिंह

स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ के परिसर में डिप्लोमा इंजिनीयरिंग के दीक्षांत समारोह के साथ-साथ महात्मा गाधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुमेर अग्रवाल, निदेशक डा. मनोज मेहरोत्रा वा महानिदेशक डॉ भरत राज सिंह आदि ने छात्र-छात्राओं को अपने संबोधन में गांधी जी व लालबहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला तथा राष्ट्र के प्रति उनके द्वारा किये गए कार्यो से शिक्षा लेंने पर विशेष जोर देते हुए स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़ भाग लेने व देश को नयी दिशा देने का संकल्प दिलाया। इसके साथ ही डिप्लोमा इंजिनीयरिंग के दीक्षांत समारोह का भी कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। उधर, विराम खण्ड-5, गोमतीनगर में जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष जीएन सिन्हा, सचिव आर0 यस0 मिश्र, समिति के पर्यावरण सलाहकार डॉ0 भरत राज सिंह, मेजर टीबी श्रीवास्तवए यूसी त्रीपाठी तथा यसबीयल मल्होत्रा आदि ने भी वासंती पार्क में गांधी जयंती मनायी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि स्वक्छता अभियान को लोगों में प्रचारित करेंगे तथा अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित रखेंगे।